आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 12.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पिटकुल की समीक्षा की। बिजली चोरी पर सख्ती से रोक लगाने और वितरण लॉस में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत लाभार्थियों के खातों में 3 करोड़ 5 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के योजना प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन।

**पिटकुल समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड–पिटकुल की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत वितरण लॉस को न्यूनतम करने, बिजली चोरी पर सख्ती से रोक लगाने व वितरण लॉस में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकालीन को देखते हुए पिटकुल, उत्तराखंड जल विद्युत निगम और उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को अभी से सभी तैयारियां सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी औपचारिकताओं को मार्च तक पूरा कर अप्रैल माह तक परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में एशियाई विकास बैंक पोषित दूसरे चरण के तहत बहादराबाद, कोटद्वार, भिकियासैंण, कपकोट और नंदप्रयाग में भूमि आवंटन व स्थानांतरण की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरा करने के लिए संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत शिलान्यास की गई सभी परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से पूरा करने के लिए निरंतर निगरानी और प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में पिटकुल के प्रबंध निदेशक पी.सी ध्यानी ने पिछले चार वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी।

**मुख्यमंत्री/शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मिट्ठीबेरी–परवल मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के दूसरे चरण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ सड़क अवसंरचना, प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र की आर्थिकी सशक्त होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सहसपुर क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

## वात्सल्य योजना धनराशि

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 5 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की। उन्होंने बताया कि गत दिसंबर माह के लिए 5 हजार 114 लाभार्थियों को एक करोड़ 53 लाख से अधिक रुपए जारी किए गए हैं। जबकि जनवरी महीने के लिए 5 हजार 78 लाभार्थियों को एक करोड़ 52 लाख से ज्यादा की धनराशि जारी की गई है। लाभार्थियों के खातों में धनराशि डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार वर्ष 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह तीन हजार रुपए की सहायता राशि देती है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ जिले में अनुसूचित जनजाति के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति से संबंधित भूमि, बैंक और विकास से जुड़ी समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई, जो काफी सकारात्मक रही।

## परीक्षा उत्सव

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय स्थित गंगोत्री गर्ब्याल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आज बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए ''परीक्षा उत्सव'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तनाव से बचने, एकाग्रता बढ़ाने और मोबाइल से दूर रहने के सुझाव दिए। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर छात्र–छात्राओं में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ेगा तथा वे तनावमुक्त होकर परीक्षा दे सकेंगे।

परीक्षा उत्सव कार्यक्रम में जिले भर के एक हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

## राश्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता

चमोली जिले में स्थित हिमक्रीड़ा स्थल औली में कल से चार दिवसीय राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता और प्रथम विंटर कार्निवाल आयोजित किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से स्की टीमें औली पहुंच गई हैं। खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा को लेकर खासा उत्साह है और वे औली की चुनौतीपूर्ण ढलानों पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के योजना प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें चम्पावत, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में  निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शामिल हैं। मुख्य सचिव ने चम्पावत में रोडवेज स्टेशन में करीब 65 करोड़ रुपए लागत के आधुनिक सुसज्जित स्टोरी पार्किंग व शॉपिंग कॉम्प्लैक्स के निर्माण के प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान करते हुए इसका नाम सिटी सेंटर चम्पावत रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होने इसमें यात्रियों और स्थानीय जनता को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने, स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था तथा पार्किंग स्थल पर रोडवेज की बसों के साथ ही टैक्सी पार्किंग की भी व्यवस्था करने को कहा, ताकि इससे आम जनता को और अधिक सुविधा हो सके। मुख्य सचिव ने टिहरी जिला मुख्यालय के मॉल रोड में रेलिंग्स, पथ, स्ट्रीट लाइट, शौचालय निर्माण आदि के प्रस्तावित कार्यों के लिए 11 करोड़ रुपए से अधिक की संस्तुति प्रदान की। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागीय उच्च अधिकारियों को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ ही अन्य संबंधित प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समय सीमा निर्धारित करते हुए उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए।

## किसान दिवस

चम्पावत जिले के लोहाघाट में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस खाती की अध्यक्षता में आज किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों के साथ संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुनने के साथ ही विशेषज्ञों ने किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक से रूबरू कराया। प्रभारी मुख्य कृषि अधिकारी सन्तोषी ने बताया कि किसान दिवस का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक तकनीकी और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देकर उन्हें अधिक सक्षम और जागरूक करना है।

प्रगतिशील किसान राकेश उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से दूरस्थ व पर्वतीय क्षेत्र के किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

## जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज चमोली जिले की आदिबदरी तहसील की न्याय पंचायत देवलकोट–कंसुआ में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। प्रदेश शासन में अपर सचिव विनोद गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 380 लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इसके अलावा स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व, कृषि और शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सभी का मौके पर ही निस्तारण किया गया।